# कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक एफ 21 (2) 2012–13 / बी.सू.का. / विकास / प्रमुवसं /                दिनांक

निमित्त :–

समस्त जिला कलैक्टर

विषय :– बीस सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत वन भूमि एवं अन्य राजकीय भूमि पर वृक्षारोपण क्षेत्र का लक्ष्य तथा उस क्षेत्र में लगाये जाने वाले पौधों का लक्ष्य वर्ष 2012–13 सूत्र संख्या 51(ए) एवं 51(बी) के संशोधित लक्ष्य आवंटन बाबत।

महोदय,

वित्तीय वर्ष 2012–13 में बीस सूत्री कार्यक्रम वन एवं अन्य राजकीय भूमि पर वृक्षारोपण किये जाने हेतु लक्ष्यों का आवंटन इस कार्यालय के समसख्यंक पत्रांक 4200–4233 दिनांक 04.09.2012 द्वारा किया गया था।

वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली से प्राप्त अ0 शा0 पत्र क्रमांक 4–1 / 2012–बी–वन दिनांक 28.12.2012 द्वारा वित्तीय वर्ष 2012–13 में बीस सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत राजस्थान राज्य को 51000 हैक्टेयर में वन एवं अन्य राजकीय भूमि पर वृक्षारोपण किये जाने तथा इन क्षैत्रों में 240.00 लाख पौधे लगाने का संशोधित लक्ष्य आवंटित किया गया है। अतः जिलेवार संशोधित लक्ष्य संलग्न तालिकानुसार निर्धारित कर आवंटित किये जाते है।

वन विभाग के अतिरिक्त विभिन्न विभागों जैसे पंचायत समितियां, कृषि विभाग, भू–संरक्षण एवं जल ग्रहण विकास विभाग, स्थानीय निकाय, ट्री ग्रोवर्स को–ऑपरेटिव सोसाइटी / राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण इत्यादि द्वारा भी सार्वजनिक भूमियों पर पौधारोपण किया जाता है। इनके द्वारा सार्वजनिक भूमियों पर किये गये वृक्षारोपण / लगाये गये पौधों की अर्जित की गई उपलब्धि को भी जिले की उपलब्धि में जोडकर दर्शाया जाना सुनिश्चित करें।

उल्लेखनीय है कि आप अपने जिले में अधिक से अधिक वृक्षारोपण कार्य राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना के तहत स्वीकृत कर इन लक्ष्यों की शतप्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करें।

अतः कृपया इस पुनीत कार्य में हर सम्भव सहयोग प्रदान कर राज्य को हरा भरा बनाने का श्रम करें।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार

भवदीय

प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
(T.R.E.E.) राजस्थान, जयपुर

8284-415

क्रमांक एफ 21 (2) 2012–13/बी.सू.का./विकास/प्रमुवसं/ दिनांक 4-1-2013

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. अतिरिक्त मुख्य सचिव, वन विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. प्रमुख शासन सचिव, आयोजना विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. उप शासन सचिव, आयोजना (बीस सूत्री कार्यक्रम) विभाग, राजस्थान, जयपुर।
4. प्रधान मुख्य वन संरक्षक, (HOFF) राजस्थान, जयपुर।
5. प्रधान मुख्य वन संरक्षक, कार्य आयोजना एवं वन बन्दोबस्त, राजस्थान, जयपुर।
6. प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, राजस्थान, जयपुर।
7. समस्त अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षकगण।
8. समस्त मुख्य वन संरक्षकगण को भेजकर लेख है कि राज्य स्तर पर बीस सूत्री कार्यक्रम की उपलब्धि की पाक्षिक सूचना प्रतिमाह की 5 एवं 20 तारीख को भेजनी होती है। अतः आप द्वारा मण्डलवार /जिलेवार संकलित सूचना भेजने की व्यवस्था इसी प्रकार की जावें, जिससे प्रत्येक माह के प्रथम पक्ष की पाक्षिक सूचना दिनांक 20 तक तथा द्वितीय पखवाड़े की पाक्षिक सूचना आगामी माह की 5 तारीख तक इस कार्यालय को निर्धारित प्रपत्र में निश्चित रूप से फैक्स द्वारा एवं ई–मेल ccfegs@gmail.com पर उपलब्ध हो जावें।
9. समस्त उप वन संरक्षणगण/मण्डल वन अधिकारी /भू–संरक्षण अधिकारी/उप मुख्य वन्यजीव प्रतिपालकगण को प्रेषित कर लेख है कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रति हैक्टेयर जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है तदनुसार पौधारोपण एवं बीजारोपण/कटिंग से पौधे लगाकर लक्ष्य अर्जित किये जावें। इसके अतिरिक्त बीस सूत्री कार्यक्रम की उपलब्धि की पाक्षिक सूचना प्रतिमाह निर्धारित प्रपत्र में समय पर अपने मुख्य वन संरक्षक को प्रेषित करें।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
(T.R.E.E.) राजस्थान, जयपुर

FOREST DEPARTMENT, RAJASTHAN
PROGRESS UNDER 20 POINT PROGRAMME, FOR THE YEAR 2012-13, UNDER 20 POINT 51(a) & 51 (b) FOR TREE PLANTING/AFFORESTATION

| S.No. | District | Revised Target | |
|---|---|---|---|
| | | Pt.No.51(a) Area Covered under public and forest land | Pt.No.51(b) No.of seedlings Planted on Public and Forest Land |
| | | Ha. | No.in Lakh |
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | Ajmer | 1050 | 4.94 |
| 2 | Alwar | 2100 | 9.88 |
| 3 | Banswara | 4500 | 21.18 |
| 4 | Baran | 3000 | 14.12 |
| 5 | Barmer | 600 | 2.82 |
| 6 | Bharatpur | 590 | 2.78 |
| 7 | Bhilwara | 1370 | 6.45 |
| 8 | Bikaner | 500 | 2.35 |
| 9 | Bundi | 1125 | 5.29 |
| 10 | Chittorgarh | 2500 | 11.76 |
| 11 | Churu | 540 | 2.54 |
| 12 | Dausa | 1100 | 5.18 |
| 13 | Dholpur | 1200 | 5.65 |
| 14 | Dungarpur | 1470 | 6.92 |
| 15 | Ganganagar | 1550 | 7.29 |
| 16 | Hanumangarh | 800 | 3.76 |
| 17 | Jaipur | 1550 | 7.29 |
| 18 | Jaisalmer | 2550 | 12.00 |
| 19 | Jalore | 650 | 3.06 |
| 20 | Jhalawar | 1540 | 7.25 |
| 21 | Jhunjhunu | 1100 | 5.18 |
| 22 | Jodhpur | 530 | 2.49 |
| 23 | Karauli | 600 | 2.82 |
| 24 | Kota | 1225 | 5.76 |
| 25 | Nagaur | 600 | 2.82 |
| 26 | Pali | 2000 | 9.41 |
| 27 | Pratapgarh | 4200 | 19.76 |
| 28 | Rajsamand | 2100 | 9.88 |
| 29 | S Madhopur | 800 | 3.76 |
| 30 | Sikar | 1500 | 7.06 |
| 31 | Sirohi | 810 | 3.81 |
| 32 | Tonk | 1100 | 5.18 |
| 33 | Udaipur | 4150 | 19.53 |
| | TOTAL | 51000 | 240.00 |